बरेली पुलिस

**थाना कोतवाली**

**प्रेसनोट दिनांक 04.08.2025**

**थाना कोतवाली बरेली पुलिस द्वारा अवैध रुप से मजदूर/नशा करने वाले/लाचार लोगों को जाल में फंसाकर पैसों का लालच देकर ब्लड निकलवाकर ब्लड की काला बाजारी करने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश।**

**घटना का संक्षिप्त विवरण/परिचयः-**

दिनांक 04.08.2025 की रात्रि में थाना कोतवाली पुलिस टीम को रात्रि गश्त के दौरान विश्वसीनय सूत्रों के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि थाना कोतवाली क्षेत्र में कुछ लोग गरीब /मजदूर /लाचार/नशा करने वाले लोगों को पैसो का लालच देकर जाल में फसाकर उनका ब्लड निकलवाकर अच्छे दामों में बेचने का धंधा करते हैं। जो आज भी IMA ब्लड बैंक के पास पैसों का लालच देकर ब्लड देने वाले इस प्रकार के लोगों की तलाश कर रहे हैं। उपरोक्त सूचना पर थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुए मौके पर पुहंचकर जानकारी की गयी तो 04 व्यक्ति IMA ब्लड बैंक के गेट के पास लोगों से वार्ता कर रहे थे। जो गरीब /मजदूर/नशा करने वाले लोगों को पैसों का लालच देकर ब्लड देने के लिये कह रहे थे। जिन्हें थाना कोतवाली टीम पुलिस द्वारा मौके से गिरफ्तार किया गया।

**सूचना, पुलिस टीम एवं कार्यवाहीः-**

दिनांक 04.08.2025 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि कुछ लोग IMA ब्लड बैंक के पास गरीब /मजदूर /लाचार/नशेड़ी लोगों को पैसो का लालच देकर जाल में फसाकर उनका ब्लड निकलवाकर अच्छे दामों में बेचने का धंधा करते हैं। जो आज भी IMA ब्लड बैंक के पास पैसों का लालच देकर ब्लड देने वाले लोगों की तलाश कर रहे हैं। इस सूचना पर थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा मौके पर जांकर सत्यता की जांच की गयी तो IMA ब्लड बैंक के गेट पर 4 लोग पैसों के बदले ब्लड देने वाले लोगों की तलाश कर रहे थे। जिनको थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा हिरासत पुलिस में लिया गया। जिन्होंने पूछताछ के दौरान अपना नाम 1.प्रेमनाथ पुत्र रामबूबा निवासी पुराना ताडीखाना आजमनगर थाना कोतवाली जिला बरेली 2.धीरेन्द्र शर्मा पुत्र महेन्द्रपाल शर्मा निवासी 294 इन्दिरा नगर थाना प्रेमनगर जिला बरेली 3.अभय पुत्र नरेन्द्र कुमार निवासी अभयपुर लाल फाटक थाना कैण्ट जनपद बरेली 4.विनीत पुत्र रवीन्द्र कुमार निवासी अभयपुर लालफाटक थाना कैण्ट जनपद बरेली बताया। उपरोक्त अभियुक्तगण के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण–**

1.प्रेमनाथ पुत्र रामबूबा निवासी पुराना ताडीखाना आजमनगर थाना कोतवाली जिला बरेली।
2.धीरेन्द्र शर्मा पुत्र महेन्द्रपाल शर्मा निवासी 294 इन्दिरा नगर थाना प्रेमनगर जिला बरेली ।
3.अभय पुत्र नरेन्द्र कुमार निवासी अभयपुर लाल फाटक थाना कैण्ट जनपद बरेली।
4.विनीत पुत्र रवीन्द्र कुमार निवासी अभयपुर लालफाटक थाना कैण्ट जनपद बरेली।

**घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोग का विवरणः-**

मु0अ0स0 395/2025 धारा 318(2) /272 थाना कोतवाली बरेली।

**पूछताछ एवं अभियुक्त का विवरण –**

अभियुक्त प्रेमनाथ उम्र 50 वर्ष उपरोक्त से पूछताछ की गयी तो बताया कि मौ0 पुराना ताड़ीखाना, आजमनगर थाना कोतवाली जनपद बरेली का रहने वाला हूँ। मैं जूस का ठेला EPF ऑफिस के सामने लगाता हूँ। मैंने हाईस्कूल तक पढाई की है। हाईस्कूल में फेल हो गया था। मेरा साधारण परिवार है। मेरी जान पहचान कुछ दिन से IMA ब्लड बैंक में काम करने

वाले अभय व विनीत से हुई जिन्होंने मुझसे बताया यहां पर कुछ लोग ब्लड लेने के लिये आते हैं जिन्हें डोनर नहीं मिलता है तो हम लोग मजदूर/नशेड़ी/लाचार लोगों को 1000 – 2000 रुपये में ब्लड देने वाले लोगों से बातचीत करके उनका ब्लड निकलावकर अच्छे दामों में बेच सकते हैं। जिस पर मैं इन लोगों की बातों में आ गया और कुछ दिनों से मजदूर/नशेडी/लाचार लोगों को फसाकर उन्हें पैसें का लालच देकर ब्लड निकलवाकर ब्लड को अच्छे दामों में बेचने का धन्धा करता हूँ। मैं मजदूर चौक व रेलवे स्टेशन व अन्य स्थानों पर ऐसे लोगों की तलाश करता था जो पैसों के बदले ब्लड दे दें और मैं उन्हें अपनी बातो में फसाकर रिश्तेदार बताकर IMA ब्लड बैंक में ले जाकर उनका ब्लड निकलवाकर अपने साथियों के साथ मिलकर अच्छे दामों में बेच देता था।

अभियुक्त धीरेन्द्र शर्मा उम्र 32 बीए तक पढा लिखा है। पूछताछ पर बताया कि मैं मौ0 राजेन्द्र नगर में कूरियर का काम करता था। मेरी जान पहचान कुछ दिन से IMA ब्लड बैंक में काम करने वाले अभय व विनीत से हुई जिन्होंने मुझसे बताया यहां पर कुछ लोग ब्लड लेने के लिये आते हैं जिन्हें डोनर नहीं मिलता है तो हम लोग मजदूर/नशेडी/लाचार लोगों को 1000 – 2000 रुपये में ब्लड देने वाले लोगों से बातचीत करके उनका ब्लड निकलावकर अच्छे दामों में बेच सकते हैं। जिस पर मैं इन लोगों की बातों में आ गया और कुछ दिनों से मजदूर/नशेडी/लाचार लोगों को फसाकर उन्हें पैसें का लालच देकर ब्लड निकलवाकर ब्लड को अच्छे दामों में बेचने का धन्धा करता हूँ। मैं मजदूर चौक व रेलवे स्टेशन व अन्य स्थानों पर ऐसे लोगों की तलाश करता था जो पैसों के बदले ब्लड दे दें और मैं उन्हें अपनी बातो में फसाकर रिस्तेदार बताकर IMA ब्लड बैंक में ले जाकर उनका ब्लड निकलवाकर अपने साथियों के साथ मिलकर अच्छे दामों में बेच देता थे।

अभियुक्त अभय उम्र 19 वर्ष ने पूछने पर बताया कि मैं आठवी कक्षा तक पढा लिखा हूँ। IMA ब्लड बैंक में सफाई का काम करता हूँ। मैं ब्लड बैंक में आये ब्लड की तलाश में आये लोगों से बातचीत करता रहता हूँ। जिनके पास ब्लड देने के लिये डोनर नहीं होता है तो मैं उनसे पैसों के बदले उन्हें डोनर उपलब्ध कराता हूँ। मेरे साथी प्रेमनाथ व धीरेन्द्र रेलवे स्टेशन /मजदूर चोक या अन्य स्थानों पर घूम फिरकर मजदूर/लाचार/नशेडी व पैसे की जरुरत वाले लोगों को फसाकर लाते हैं जिन्हें हम 1000 – 2000 रुपये देकर उनका ब्लड बैंक में रिस्तेदार बताकर ब्लड निकलवाकर बेच देते हैं।

विनीत उम्र 25 मैं कक्षा 12 तक पढा लिखा हूँ। मैं IMA ब्लड बैंक में साफ सफाई का कार्य करता हूँ। मैं ब्लड बैंक में आये ब्लड की तलाश में आये लोगों से बातचीत करता रहता हूँ। जिनके पास ब्लड देने के लिये डोनर नही होता है तो मैं उनसे पैसों के बदले उन्हें डोनर उपलब्ध कराता हूँ। मेरे साथी प्रेमनाथ व धीरेन्द्र रेलवे स्टेशन /मजदूर चोक या अन्य स्थानों पर घूम फिरकर मजदूर/लाचार/नशेडी व पैसे की जरुरत वाले लोगों को फसाकर लाते हैं जिन्हें हम 1000 – 2000 रुपये देकर उनका ब्लड बैंक में रिस्तेदार बताकर ब्लड निकलवाकर बेच देते हैं। जिससे हमें अच्छा पैसा मिलता है।

**<u>पुलिस टीम -</u>**

1. उ0नि0 श्री नितिन राणा थाना कोतवाली बरेली।
2. हे0का0 739 रवाब मियां थाना कोतवाली बरेली।
3. हे0का0 70 जसवीर थाना कोतवाली बरेली।
4. का0 3879 निखिल कुमार थाना कोतवाली बरेली।

